## संक्षिप्त समाचार

### सीएम को सफाई कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष मंगलवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में सफाई कर्मचारी संगठन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याएं रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की सभी समस्याओं को गम्भीरता से लिया जायेगा। समस्याओं के उचित समाधान के लिए हर सम्भव प्रयास किये जायेंगे। सफाई कर्मचारी संगठन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य बनने के समय के सफाई कर्मचारियों के नियमित पदों को पुनर्जीवित करने एवं सफाई कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि करने की मांग की।

### स्पीकर ने 85 जरूरतमंद लोगों को चेक वितरित किए

**संवाददाता** ऋषिकेश। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तहसील संघचालक एवं अपने पिता स्वर्गीय मांगेराम अग्रवाल की पुण्यतिथि पर आज विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने 85 जरूरतमंद लोगों को अलग अलग से 5 लाख रुपए के अध्यक्ष विवेकाधीन कोष से चेक वितरित किये। इस अवसर पर उपस्थित लोगों द्वारा स्व० मांगेराम जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उनके पिता ने हमेशा जरूरतमंद एवं निसहाय लोगों के लिए अपना जीवन समर्पित किया है।

### डीआईटी विवि में सात दिवसीय फैकल्टी डवलपमेंट कार्यक्रम का शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। डीआईटी विवि में सात दिवसीय फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम एवं अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लॉ एवं रसायन विभाग ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का उदघाटन आईआईपी देहरादून के निदेशक डा अंजन रे ने अपने अध्यक्षीय भाषण से किया। उन्होंने बताया कि आज के समय में हमें किसी भी तत्व को कैसे प्रयोग एवं निस्तारण करना चाहिए।

### "येदिलमांगेमोर" पेप्सी कारगिल विजय दिवस पर करती है बहादुरों को सलाम

**संवाददाता** देहरादून। बहादुरी और निस्वार्थ सेवा की कहानियां अमर होती हैं क्योंकि वे हमेशा के लिए हमारी यादों में बस जाती हैं। भारतीय सैनिकों की इसी निस्वार्थ भावना और बहादुरी को सलाम करने के लिए देश द्वारा लड़ी गई सबसे मुश्किल जंगों में से एक में भारत की जीत का परचम लहराने वाले कारगिल के शेरशाह कैप्टन विक्रम बत्रा और कई अन्य बहादुरों को श्रद्धांजलि देते हुए बेवरेज ब्रांड पेप्सी ने आज लिमिटेड एडिशन कैन्स लॉन्च किए और एक भावभीनी कविता जारी की।

# सुरक्षा मानको का उल्लघंन करने वालों पर की जाए सख्त कार्यवाही

**निर्देश**

■ सड़क सुरक्षा की दृष्टि से जोखिम स्थलों पर पेट्रोंलिग बढाई जायः परिवहन मंत्री यशपाल आर्य

**संवाददाता**



देहरदून। 'सड़क दुर्घटनाओं और इससे होने वाली मृत्यु में कमी करने तथा राज्य सरकार द्वारा 2022 तक सड़क दुर्घटना में 50 प्रतिशत कमी लाने के लक्ष्य की पूर्ति हेतु सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय से हरसम्भव प्रयासों को गम्भीरता से अमल में लाये।''

प्रदेश के परिवहन मंत्री यशपाल आर्य ने विधान सभा स्थित कक्ष में आयोजित बैठक में राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, यातायात पुलिस, स्वास्थ्य विभाग तथा समिति से जुडे हुए अन्य विभागीय अधिकारियों को उपरोक्त दिशा निर्देश दिये।

मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि दुर्घटना के समय गोल्डन आवर (दुर्घटना के समय का पहला एक घण्टा/जीरो टाईम) में लोगो का जीवन बचाने हेतु निजी ऐम्बुलेन्स को भी सरकारी 108 ऐम्बुलेन्स की तरह उपयोग में लाया जाय। इसके लिए उन्होने स्वास्थ्य विभाग को तत्काल प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि समस्त ऐम्बुलेन्स वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाय तथा लोगो द्वारा आपात स्थिति में 108 ऐम्बुलेन्स की डिमॉड करने के दौरान ऐम्बुलेन्स द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही तथा उसकी लोकेशन इत्यादि की मॉनिटिरिंग करने हेतु एक मॉनिटिरिंग कन्ट्रोल रूम से उसकी बराबर निगरानी की जाय।

लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जहॉ पर भी अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई है उनका बारीकी से अध्ययन करते हुए इन्फ्रास्ट्रकचर (ब्लैक स्पॉट, स्पीड ब्रेकर, साईन बोर्ड, कैश बैरियर इत्यादि ) सुधार से सम्बन्धित जो भी कार्य किये जाने है अथवा जो भी कार्य अभी तक लम्बित है उनको प्राथमिकता आधारित पूरा करें।

मंत्री ने परिवहन विभाग और यातायात पुलिस को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा को चुनौती प्रदान करने वालो तथा सुरक्षा मानको का विभिन्न प्रकार से उल्लघंन करने वालों पर सख्त प्रवर्तन की कार्यवाही की जाय और सड़क सुरक्षा की दृष्टि से जोखिम स्थलों पर पेट्रोंलिग बढाई जाय। दोनो विभाग ओवर स्पीडिंग, नशे में अथवा मोबाईल पर बात करते हुए वाहन चलाने, ओवरलोडिंग, बिना हेल्मेन्ट अथवा सीटबैल्ट के वाहन चालने इत्यादि पर रोकथाम लगायें। राष्ट्रीय राजमार्गो एवं राज्य मार्गो पर अवैध रूप से खोले गये रोड मीडियन्स को चिन्हित करते हुए उनको बन्द किया जाय।

परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि जनपदीय स्तरीय ऐसे सड़क–सम्पर्क मार्ग जिनका अभी तक जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति द्वारा सुरक्षा के मानको की दृष्टि से स्थलीय निरीक्षण नही किया गया है उनका स्थलीय निरीक्षण करते हुए तद्नुसार अग्रिम कार्यवाही की जाय।

उन्होने राज्य स्तरीय समिति से जुडे सभी विभागो को सड़क दुर्घटनों में कमी लाने के लिए मा0 न्यायलय द्वारा गठित सडक सुरक्षा समिति के सुझावों के अनुरूप आधुनिक तकनीक (ऐम्बुलेन्स वाहनों में जीपीएस सिस्टम, ओटोमैटेड चालान प्रक्रिया, प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, सोशल मिडिया और वाटसअप के माध्यम से आपसी सूचना और लोगो को जागरूक करने इत्यादि) का अधिकाधिक उपयोग करते हुए विभिन्न स्तर पर निगरानी करने, आपसी सूचनाओं के त्वारित और सटीक सूचना प्रेषण हेतु उपयोग में लाने को कहा।

### अनिवार्य रूप से स्पीड ब्रेकर और चेतावनी युक्त साईनबोर्ड लगाया जाय

निर्देशित किया कि नेशनल हाईवे तथा मुख्य सड़क मार्ग से राज्यभर में जितनी भी सड़के और सम्पर्क मार्ग सीधे जुडते है इन सभी मार्गो पर अनिवार्य रूप से स्पीड ब्रेकर और चेतावनी युक्त साईनबोर्ड लगाया जाय। आयुक्त परिवहन ने अवगत कराया कि राज्य में सर्वाधिक दुर्घटनाएँ राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटित होती है, दोपहिया वाहनों एवं निजी कार से अधिक दुर्घटनाएँ घटित हुई है तथा इसमें ही अधिकतर लोगो की मृत्यु हुई है। दून, हरिद्वार और उधमसिंहनगर तीनों जनपदों में सर्वाधिक ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये है जिनके तीव्र सुधारीकरण की कार्यवाही गतिमान है।

# सरकार जनता तक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को संकल्पित

**फ्लैग ऑफ**

■ हंस फाउंडेशन द्वारा राज्य को उपलब्ध कराई गई 30 एम्बुलेंस का फ्लैग ऑफ किया

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में हंस फाउंडेशन द्वारा राज्य को उपलब्ध कराई गई 30 एम्बुलेंस का फ्लैग ऑफ किया। हंस फाउंडेशन के संस्थापक भोले जी महाराज का जन्मोत्सव पर हंस फाउंडेशन द्वारा उत्तराखण्ड के दूरगामी क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए उत्तराखंड को 30 एम्बुलेंस, 20 ट्रूनेट जांच मशीनें और 500 ऑक्सीजन सिलेंडर प्रदान किए गए है।

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने श्री भोले जी महाराज को जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह उत्तराखण्ड वासियों के लिए सौभाग्य की बात हैं कि श्री भोले जी महाराज जी एवं माता मंगला जी जैसे व्यक्तित्व हमारे साथ खड़े है। जो हर संकट के समय में राज्य के हित में कार्य कर रहे है और उनका आशीर्वाद एवं सहयोग हमेशा राज्य की जनता को मिलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनमानस तक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने हेतु कृत–संकल्प है। हमारे इस संकल्प के साथ हंस फाउंडेशन भी निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। इसके लिए उन्होंने भोले जी महाराज एवं माता मंगला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हंस फाउण्डेशन द्वारा प्रदेश के विकास में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग दिया जा रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, डॉ धन सिंह रावत, हंस फाउण्डेशन से विकास वर्मा उपस्थित थे।

### ऊर्जा विभाग में छह माह के लिए सभी सेवाओं में हड़ताल निषिद्ध

**संवाददाता** देहरादून। राज्य सरकार ने बिजली विभाग में हड़ताल पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने छह माह की अवधि के लिए यूजेवीएन, उत्तराखंड पावर कारपोरेशन एवं पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन में सभी श्रेणी की सेवाओं में तत्काल प्रभाव से हड़ताल निषिद्ध कर दी है। इस संबंध में ऊर्जा सचिव सौजन्या की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। अधिूसचना में कहा गया है कि अब उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम, 1966 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 30 सन् 1966) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल महोदय इस आदेश के निर्गत होने के दिनांक से छः मास की अवधि के लिए यूजेवीएन लिमिटेड, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि० एवं पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि० में समस्त श्रेणी की सेवाओं में तत्कालिक प्रभाव से हड़ताल निषिद्ध करते हैं।


In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News

Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।

संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701

pagethreedaily@gmail.com

आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।